हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 39 .5 डिग्री
न्यूनतम 12 .0 डिग्री

12 जिले की सड़कें तय समय पर होंगी गड्ढा मुक्त



12 गैर शिक्षण स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### ट्रैवल संचालक भाइयों से मारपीट कर नकदी लूटी

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 थाना क्षेत्र में 16 बदमाशों ने ड्रीम ट्रैवल के ऑफिस में घुसकर इसके संचालकों सगे भाइयों मोनू व रोहित के साथ मारपीट की। वहीं हमलावर दोनों भाइयों से 47 हजार रुपए की नकदी भी छीन कर ले गए। हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में मोनू निवासी गांव गढी छाजू ने बताया कि गांव कुटानी निवासी प्रवेश उनसे मंथली मांगता है, इंकार करने पर प्रवेश ने अपने 15 साथियों के साथ दोनों भाइयों को पीटा और नगदी लूट कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्ची के साथ किराएदार ने दुष्कर्म किया, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत सिटी की एक कॉलोनी में 12 साल की बच्ची के साथ किराएदार ने दुष्कर्म किया और वह गर्भवती हो गई। वहीं गर्भवती होने के कारण बच्ची के पेट में दर्द हुआ। वहीं मां ने बेटी की मेडिकल जांच करवाई, जांच में पता चला कि लडकी एक माह की गर्भवती है। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी है और वह तीन साल से पीडिता के घर किरायेदार के अकेला रहता है। जबकि आरोपी का परिवार यूपी में ही रहता है। इधर, लडकी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया और लडकी के बयान दर्ज कर उसकी मेडिकल जांच करवाई। इधर, आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### ट्यूबवेल उपकरण चोरी के पांच आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए थ्री पुलिस टीम ने खेतों से ट्यूबवेल की तार, मोटर व अन्य उपकरण चोरी करने वाले अंतर जिला चोर गिरोह के चार और आरोपियों मोहम्मद रियाज निवासी धनकी छपरा बिहार हाल किरायेदार आठ मरला, अशोक निवासी सनीचरी नोका बेतईया बिहार हाल किरायेदार शास्त्री कॉलोनी, अविनाश टोपो निवासी पहाड गूंगवा पश्चिम बंगाल हाल किरायेदार आठ मरला व परामनंद निवासी सौगढ़ मेहदापुर बिहार हाल किरायेदार शास्त्री कॉलोनीको व चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी करनाल निवासी कबाड़ी कश्मीरी लाल को गिरफ्तार किया है।

### साइक्लोथॉन यात्रा आज पानीपत में करेगी प्रवेश

**पानीपत।** आम व्यक्ति को नशा मुक्ति का संदेश देती साइक्लोथॉन यात्रा का बुधवार को पानीपत में आगमन हो रहा है। साईक्लाथॉन यात्रा की सभी प्रकार की तैयारियां प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि अब तक 30 हजार का पंजीकरण हो चुका है। यात्रा को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह व उमंग दिखाई पड़ रही है। पंजीकरण का यह आकड़ा निश्चित रूप से और बढ़ेगा। जगह-जगह यात्रा के स्वागत के लिए लोग फूलों की वर्षा करेंगे।

### मंत्री अनिल विज ने अटल किसान मजदूर कैंटीन की शुरुआत की

# नई अनाज मंडी में किसानों-मजदूरों को मिलेगा मात्र 10 रुपये में भोजन

### अंबाला छावनी की मंडी में किसानों का रेस्ट हाउस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में नई अनाज मंडी प्रदेश में ऐसी पहली अनाज मंडी है जोकि जीटी रोड पर स्थित हैं। यहां पर किसानों के लिए रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध है। इसी कड़ी में अब किसानों व मजदूरों के लिए अटल किसान मजदूर कैंटीन शुरू की गई हैं जिसमें उन्हें 10 रुपये में भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी।

- हमारी सरकार हर वर्ग, हर क्षेत्र व हर व्यक्ति का पूरा ध्यान रखती है : अनिल विज



**अंबाला।** अटल कैंटीन के शुभारंभ पर लोगों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज।

विज मंगलवार को जीटी रोड स्थित अनाज मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन का उद्घाटन करने के उपरांत मौजूद किसानों व अन्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि यहां पर अटल किसान मजदूर कैंटीन का श्रीगणेश किया गया हैं। हमारी सरकार हर वर्ग, हर क्षेत्र व हर व्यक्ति का पूरा ध्यान रखती है। गेहूं का सीजन आ गया हैं इसके तहत मंडी में किसानों, मजदूरों व अन्यों को भरपेट भोजन मिल सके। इसके लिए यहां पर अटल किसान मजदूर कैंटीन शुभारंभ किया गया हैं। इसके साथ-साथ अन्य मंडियों में भी अटल किसान मजदूर कैंटीन बनाने का काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कैंटीन में 10 रुपए की दर से दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा जबकि 15 रूपए प्रति थाली की अदायगी मार्केटिंग कमेटी अंबाला छावनी सब्सिडी के रूप में कैंटीन संचालक महिला स्वयं सहायता समूह को करेगी। विज ने कहा कि उनका सबसे पहला प्रोजेक्ट अंबाला छावनी की इस मंडी को जीटी रोड पर बनाने का था। इससे पहले यह अनाज मंडी सदर बाजार में होती थी। न तो वहां पर अनाज रखने की सुविधा थी न ट्रॉली खड़ी करने की और न किसानों के बैठने की व्यवस्था होती थी। सारे बाजार गेहूं की ढेरियों से भरे रहते थे। आढ़तियों, किसानों के साथ-साथ बाजार के दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इन लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए सबसे पहला प्रोजेक्ट नई अनाज मंडी अंबाला छावनी जीटी रोड मोहड़ा के नजदीक शिफ्ट कराया। अनाज मंडी में किसानों के लिए किसान रेस्ट हाउस की सुविधा के साथ-साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा यहां पर थाई रूप से कैंटीन चलाने के लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। टेंडर प्रक्रिया के होने के बाद जल्द से जल्द यहां पर यहां पर 7 लाख रुपए की लागत से अटल किसान मजदूर कैंटीन बनाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह से ममता शर्मा ने बताया कि इस कैंटीन में खतौली गांव की चार महिलाओं के द्वारा भोजन तैयार किया जाएगा और यह महिलाएं आजीविका मिशन के तहत कार्य करेंगी।

#### अभिनंदन किया

अनाज मंडी में पहुंचने पर अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, पूर्व चेयरमैन बलविंद्र सिंह शाहपुर, एसडीएम विनेश कुमार, मार्किटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवीन श्योरण व सचिव नीरज भारद्वाज ने विज को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन भी किया।

## सांसद कार्तिकेय को ब्राह्मण समाज देगा विशेष सम्मान



**अंबाला।** सनातन धर्म पुरोहित मंडल के पदाधिकारी सांसद कार्तिकेय शर्मा को निमंत्रण पत्र देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं ब्राह्मण सम्मान समारोह 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सनातन धर्म पुरोहित मंडल के अध्यक्ष पंडित संजीव मौदगिल ने बताया कि शनिवार 19 अप्रैल 2025 को अंबाला शहर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं ब्राह्मण सम्मान समारोह का आयोजन परशुराम भवन बलदेव नगर अम्बाला शहर में किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में उन ब्राह्मणों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में व्यतीत किया है। इस अवसर पर सांसद माननीय कार्तिकेय शर्मा की विशेष उपस्थिति रहेगी। उन्हें भी ब्राह्मण समाज द्वारा विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। इस बारे में सनातन धर्म पुरोहित मंडल के पदाधिकारी पंडित तिलक राज शर्मा, पंडित अश्विनी पराशर, पंडित पंकज आत्रे, पंडित ईशू शर्मा ने सांसद कार्तिकेय शर्मा को आमंत्रण पत्र देने उनके निवास पर गए। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें भजन संध्या तथा वयोवृद्ध एवं उत्कृष्ट ब्राह्मणों को सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात ब्रह्मभोज एवं भंडारे का भी हरि इच्छा तक वितरण किया जाएगा।

## मिट्टी व्यापारी का अपहरण करके फिरौती मांगने के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने मिटटी व्यापारी का अपहरण करके फिरौती मांगने के आरोपी रोबिन, गुलशन व हर्ष वासीयान छपरा जिला कुरुक्षेत्र को आजीवन कठोर कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है।

23 नवंबर 22 को जगमाल सिंह वासी लाडवा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका भाई जरनैल सिंह मिट्टी खरीदने व बेचने का काम करते हैं। 23 नवंबर सुबह उसके भाई के पास अज्ञात नंबर से एक फोन आया जिसने कहा कि वह मिट्टी बेचना चाहता है यदि वह खरीदना चाहता है तो गजलाना जिला यमुनानगर में आकर मिट्टी देख ले। इसके बाद उसका भाई अपनी कार लेकर गजलाना चला गया। कुछ समय बाद उसके भाई के फोन से अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि आपका भाई उनके पास है 20 लाख रुपए दो, यदि पुलिस से संपर्क किया तो उसके भाई को जान से मार देंगे। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच विभिन्न टीमों द्वारा की गई। पुलिस टीमों ने गांव नवाजपुर जिला यमुनानगर से कार व अपहत जरनैल सिंह को बरामद किया। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने व्यापारी का अपहरण करने के आरोपी रोबिन, गुलशन व हर्ष वासीयान छपरा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी रोबिन से 1 देसी कट्टा व 1 जिन्दा रौंद बरामद किया गया था। अदालत ने फिरौती मांगने के आरोपी रोबिन, गुलशन व हर्ष वासीयान छपरा जिला कुरुक्षेत्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास व 1/1 लाख रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई।



## डंपर की चपेट में आने से देवरानी व जेठानी की मौत

- शादी समारोह में बाइक पर खाना बनाने जा रही थी दोनों महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के बिलासपुर-रणजीतपुर रोड पर गांव संधाय के पास डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार देवरानी व जेठानी की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक व्यक्ति घायल हो गया।

दोनों महिलाएं समारोह में खाना बनाने का काम करती थी। मंगलवार को वह हलवाई के साथ बाइक पर समारोह में खाना बनाने के लिए जा रही थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के गांव संधाय के पास सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत के बाद पोस्टमार्टम के दौरान कार्रवाई करते हुए पुलिस।

गांव ललहाड़ी कलां निवासी गुरमीत कौर (50) व गुरप्रीत कौर (52) शादी समारोह में खाना बनाने का काम करती थी। गांव चिंतपुर निवासी गुरमुख हलवाई का काम करता है। दोनों महिलाएं मंगलवार सुबह 11 बजे गुरमुख सिंह के साथ बाइक पर रणजीतपुर क्षेत्र में आयोजित शादी समारोह खाना बनाने के लिए जा रही थी। जब वह गांव संधाय के नजदीक पहुंची तो बिलासपुर की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों महिलाएं सड़क पर गिर गई जबकि बाइक चालक साइड़ में जा गिरा। तेज रफ्तार डंपर दोनों महिलाओं को कुचलता हुआ निकल गया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

#### बाइक चालक घायल

हादसे के समय बाइक चाक हलवाई गुरमुख सिंह घायल हो गया। वहीं, आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल हो अस्पताल में भर्ती करवाया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा, युवक पर केस

- कंप्यूटर सेंटर में कोर्स करने गई थी युवती, वहां से नहीं लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के मॉडल टाउन स्थित कंप्यूटर सेंटर से एक युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी लड़की यमुनानगर के मॉडल टाउन स्थित कंप्यूटर सेंटर में कंप्यूटर कोर्स कर रही थी। 12 अप्रैल को उसकी लड़की प्रतिदिन की तरह कंप्यूटर सेंटर पर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला।

जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को विजय नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन करवाने आए लोगों ने किया हंगामा

- शाम तीन बजे शुरू होना था रजिस्ट्रेशन, सुबह दस बजे से बैंक के बाहर लग गई लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के लिए मंगलवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। यहां पहले दिन पंजीकरण के लिए लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस वालों के पसीने छूट गए।

इसी वजह से लोगों ने अंबाला छावनी के जेएंडके बैंक के बाहर जमकर हंगामा किया। सैकड़ों की संख्या में लोग रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए बैंक के बाहर पहुंच गए।



**अंबाला।** बैंक के बाहर जमा लोगों की भीड़।

इस दौरान जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। रजिस्ट्रेशन करवाने पहुंचे लोगों का का कहना था कि वह सुबह 10 बजे से ही बैंक में पहुंच गए थे। बाद में पता चला कि पंजीकरण दोपहर तीन बजे से होगा। घंटों धूप में खड़े होने के बाद नंबर आने लगा तो धक्का-मुक्की हो गई। आरोप लगाए कि बैंक के कर्मचारी पंजीकरण देरी से कर रहे हैं। दरअसल, अमरनाथ यात्रा को लेकर पंजीकरण 14 अप्रैल से शुरू हो गया था। लेकिन सोमवार को बैंक बंद था। श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फीस 220 रुपये रखी गई है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 600 से ज्यादा बैंकों में किया जा सकता है। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक पूरे 39 दिन चलेगी। यात्रा दो रूट पहलगाम (अनंतनाग) और बालटाल (गांदरबल) से होगी। लगभग 6 लाख श्रद्धालु यात्रा पर आ सकते हैं। इस बार पिछली बार से ज्यादा श्रद्धालु आ सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जम्मू, श्रीनगर, बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक पर रुकने और रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी की जा रही है। 5 मार्च को श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की तारीखों की घोषणा की थी।

#### बुलानी पड़ी पुलिस

बिगड़ते हालात को देखते हुए कर्मचारियों ने बैंक का गेट बंद कर पुलिस को बुलाया लेकिन लोगों को पुलिस भी काबू नहीं कर पाई। इस दौरान लोगों की पुलिस के साथ जमकर बहस हुई। पुलिस ने भक्तों की पंजीकरण के लिए लाइनें लगवाकर व्यवस्था बनाई। बाद में पुलिस पहरे के बीच पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। इस बीच लोगों ने बम बम भोले के भी जयकारे लगाए।

### अधिकारियों को गेहूं की सुचारू रूप से खरीदी करने के दिए निर्देश

# मौसम बदलते ही मंडियों में बढ़ी गेहूं की आवक

- मंडियों में अभी तक 60726 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से बदल रहे मौसम के मिजाज को देखते हुए किसानों ने खेतों से गेहूं की फसल को तेजी से समेटना शुरु कर दिया। जिसकी वजह से जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक बढ़ गई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मुताबिक चालू सीजन में अभी तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में 60726 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रुप से किए जाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की खरीद निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारू रूप से 2425 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि चालू रबी सीजन के अभी तक जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 60726 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 23901 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 29211 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 7614 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।



**यमुनानगर।** अनाज मंडियों में खरीदी गई गेहूं से भरी बोरियां।

#### इन मंडियों में खरीदी गई अब तक कुल गेहूं

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की बिलासपुर अनाज मंडी में 10131 मीट्रिक टन, छछरौली मंडी में 5257 मीट्रिक टन,गुमथला राव मंडी में 1423 मीट्रिक टन,जगाधरी मंडी में 5701 मीट्रिक टन,जठलाना मंडी में 836 मीट्रिक टन, खारवन मंडी में 313 मीट्रिक टन,प्रताप नगर मंडी में 5629 मीट्रिक टन ,सरस्वती नगर में 13998 मीट्रिक टन,रादौर में 6910 मीट्रिक टन व रणजीतपुर मंडी में 3310 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। वहीं, रसूलपुर मंडी में 2444 मीट्रिक टन,साढौरा मंडी में 4720 मीट्रिक टन, यमुनानगर मंडी में 54 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

#### व्यवस्था रखें दुरुस्त

अनाज मंडियों में ा रखें दुरुस्त उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व शौचालय व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों। ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिलें।

### केयू जनसंचार संस्थान में कार्यशाला आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में आज प्रातः 11.30 बजे एक दिवसीय कार्यशाला फ्राम हेडलाइन टू हैशटैग्सः नैविगेटिंग डिजिटल मीडिया विषय पर आयोजन किया जायेगा।

असिस्टेंट प्रोफेसर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अभिनव ने बताया कि अध्यक्षता जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया करेगें। कार्यशाला में छात्रों को समाचार लेखन, कौशल व मीडिया से जुडी अन्य बारीकियां, प्रूफ रीडिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य रिसोर्स पर्सन विश्व संवाद केन्द्र, पंचकूला हरियाणा के संपादक राजेश शांडिल्य और बेनेट यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस अयानजीत सेन होंगे।

### आईटीआई करनाल में रोजगार मेला 21 को

**करनाल।** बाबू मूलचंद जैन राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि संस्थान में 21 अप्रैल को विभाग की हिदायतों के अनुसार कैंपस इंटरव्यू जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश की कई बहुचर्चित कंपनियां भाग लेंगी तथा छात्र-छात्राओं को रोजगार प्रदान करेंगीं। उन्होंने बताया कि एलएंडटी कंपनी इस संस्थान के इंजीनियरिंग और नॉन-इंजीनियरिंग ट्रेड वेल्डर, इलैक्ट्रिशियन, टर्नर, फिटर डीएमसी, डीएमएम आरएसी, वायरमैन इत्यादि व्यवसायों के छात्रों को 45 दिनों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण अपने हापुड़ स्थित ट्रेनिंग सेन्टर में करवाएगी तथा सभी प्रशिक्षार्थियों को रहने खाने-पीने, वर्दी की सुविधा भी प्रदान करेंगी। कम्पनी के एचआर हेड ने बताया इन प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के बाद कम्पनी अच्छे वेतन पर देश विदेश में रोजगार प्रदान करेगी। इस संस्थान के छात्रों का चयन पिछले वर्ष इंडिगो एयरलाइंस कम्पनी के द्वारा भी किया गया था जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### राज्य स्तरीय बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर 21 से

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग चंडीगढ़ के आदेशानुसार पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 से 26 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ बचाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ वीआईपी घाट ब्रह्मसरोवर पर 21 अप्रैल को किया जाएगा। शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ से बचाव व तैराकी के गुर सिखाए जाएंगे।

# दिव्यांगता के बाद भी दिव्यांग लोगों की बेहतरी के लिए काम कर रहे उमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

अक्सर जब किसी व्यक्ति में किसी प्रकार की कोई अपंगता आती है तो वह हताश हो जाता है और अपनी किस्मत को कोसने लगता है। लेकिन समाज में उमर फारूक जैसे ऐसे इंसान भी हैं जो स्वयं दिव्यांग होने के बावजूद अपने प्रदेश और देश के दिव्यांग लोगों की बेहतरी के लिए काम करते हैं। न केवल काम करते हैं बल्कि उनसे मिलकर उन्हें जानने समझने के लिए पूरे देश की यात्रा पर भी निकल पड़ते हैं। भारत की मुख्य ज़मीन से हटकर समंदर में बने एक छोटे से टापू समूह लक्षद्वीप के रहने वाले और प्रतिष्ठित हेलेन केलर अवार्ड से सम्मानित उमर फारूक लक्षद्वीप से ही अपने एक अन्य दिव्यांग साथी एल शुकुर और मनोविज्ञानी शहनवाज के साथ पूरे भारत की यात्रा पर हैं।

## प्रतिष्ठित हेलेन केलर अवार्ड से सम्मानित उमर फारूक पहुंचे करनाल



प्रतिष्ठित हेलेन केलर अवार्ड से सम्मानित फारूक को बचपन से अस्थिचर्म सिंहमुखत जैसी रेयर विकलांगता से ग्रसित हैं जबकि शुकुर को बचपन में पोलियो की वजह से विकलांगता का सामना करना पड़ा। इन सब के बावजूद फारूक अपनी टीम के साथ अनेक वर्षों से दिव्यांग जनों के वेलफेयर के लिए काम कर रहा है। उनके साथ केरल से शाहनवाज हैं जो मनोवैज्ञानिक हैं और ग्रुप के संयोजक के रूप में साथ चल रहे हैं। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रितपाल सिंह पन्नु ने बताया कि उमर फारूक निफा का लक्षद्वीप टीम के संयोजक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और उनके पूरे टूर को संस्था की शाखाओं द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने निफा मुख्यालय की ओर से भी लक्षद्वीप में दिव्यांग जनों की बेहतरी के लिए हर संभव सहयोग का वायदा किया। इस अवसर पर निफा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से राजीव नटराज, कर्नल निफा सचिव हितेश गुप्ता व शहरी प्रधान महिंदर सिंह भी उनके साथ रहे।

## श्रवण एवं वाणी स्कूल में संस्थान की अध्यक्ष मेगा ने किया स्वागत

### उमर कल ही पहुंचे हरियाणा

जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ से होते हुए कल हरियाणा में पहुंचे लक्षद्वीप के ग्रुप का निफा करनाल के संयोजन में आज करनाल में माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी स्कूल में संस्थान की अध्यक्ष मेगा भंडारी ने स्वागत किया और छोटे छोटे बच्चों ने अपने हाथों से बनाए पुष्प गुच्छ देकर उनका मन मोह लिया। दिव्यांग लोगों की पीड़ा और परेशानियों को समझने, उनके सशक्तिकरण के लिए देश भर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखने और अपने अनुभव से लक्षद्वीप के दिव्यांग बच्चों की बेहतरी की कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से भारत यात्रा पर निकले उमर फारूक और उनके साथियों के उद्देश्य को बेहद पवित्र बताते हुए मेघा भंडारी चेयरपर्सन, हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति पंचकूला, हरियाणा ने उनको हर संभव सहयोग का वायदा किया। लक्षद्वीप में श्रवण व वाणी की अक्षमता के क्षेत्र में सहयोग करने पर भी विचार विमर्श हुआ। उनके साथ संजीव गोयल, सहायक निदेशक, पंचकूला केंद्र व दिनेश सिंह सहायक निदेशक, करनाल ने भी सभी अध्यापकों और बच्चों के साथ ग्रुप का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### अम्बेडकर का 135वां जन्मोत्सव मनाया

**करनाल।** अंबेडकर चौक पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। काफी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उनको पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर अनुसूचित जाति एकता मंच हरियाणा के वरिष्ठ उप प्रधान जोगिंदर वाल्मीकि ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युग पुरुष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार और दलितों व पिछड़ों के महान नेता थे। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित वीरभान बिडलान, अशोक दुग्गल, भारत, डॉ राजवीर लांग्यान, राजकुमार रंगा, शम्मी खोड़े, रमेश सहोता, राज किरण सहगल, दीपक गंजोगढी, आनंद चौहान वकील, नरेश रंगा वकील, परमजीत पुहाल, मास्टर मेहर लाल, सन्नी पुहाल, कैलाश पुरुषार्थी, उमेद सिंह, राजेश पधाना, मंदरूप, राजवीर बाबा व सुनील सौदा मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**करनाल।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा एक पॉवरपोइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के पश्चात नीरू (बी.ए. तृतीय वर्ष) को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, रीतिका (एम.ए. फाइनल) द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि नेन्सी (एम.कॉम प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी। निर्णायक मंडल में डॉ. किरण दलाल, डॉ. नूतन गर्ग एवं डॉ. सतेन्द्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस आयोजन में अंग्रेज़ी विभाग के समस्त सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## करनाल के विधायक आनंद व मेयर रेनू ने ली निगम के इंजीनियरिंग विंग की बैठक

# शहर में होने वाले आगामी विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा, मांगी विस्तृत रिपोर्ट

विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने डीपीआर चैक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता ने मंगलवार को करनाल नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग की स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की और अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी।

बैठक के उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। ऐसे में अधिकारी काम के प्रति सजग हो जाएं। आज की बैठक में नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों से शहर में निगम के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट ली गई और आगामी विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद एक्सईएन विकास कार्यों की डीपीआर लेकर पहुंचे। विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने डीपीआर चैक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसमें शहर के विभिन्न पार्कों, गलियों से जुड़े विकास कार्य प्रमुख रहे।



**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने अफसरों साथ विकास कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शहर के सौंदर्यकरण पर रखा जाएगा फोकस

करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि उन्होंने पदभार संभालते ही अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि जनता की कतई अनदेखी न की जाए। नगर निगम करनाल के जो भी कार्य, आमजन से जुड़े है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसके साथ-साथ जो रूटीन के कार्य हैं, उन्हें भी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि उनका फोकस नगर निगम से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ शहर के सौंदर्यकरण पर फोकस करना भी है।

### तेज गति से होंगे कार्य

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि शहरवासियों की जो भी वाजिब मांग है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें, जो अधिकारी लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इस बैठक में बीजेपी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बृज भूषण गुप्ता, नगर निगम करनाल के एक्सईएन व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महापौर ने सुनीं आमजन की शिकायतें

### आमजन की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करें अधिकारी: रेनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

आमजन की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने का संकल्प लेकर महापौर रेनू बाला गुप्ता कार्य कर रही हैं। उन्होंने नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर वर्ग के हित, प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि पर केन्द्रित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाणा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत नागरिकों की सुविधाओं हेतू विकास कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा केरास्ते पर चल हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है और इस मूल मंत्र के माध्यम से सुशासन पर जोर दिया जा रहा है। जन सुनवाई के दौरान महापौर के समक्ष सडक़ों के गड्ढे भरने, सीवरेज की सफाई, स्ट्रीट लाईटों को दुरूस्त करना तथा अतिक्रमण को हटाने जैसी शिकायतें आई। उन्होंने एक-एक कर सभी नागरिकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी को बुलाकर उसका निराकरण करने के निर्देश दिए।





तरावड़ी। मंडी मे गेंहू खरीद का जायजा लेते भगवान दास कबीरपंथी व मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## गेहूं खरीद में किसानों को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए

- विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने मंडी में गेहू खरीद का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

हल्का विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आज तरावड़ी अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मूलभूत सुविधाओं, गेहूं के खरीद व उठान के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर किसानों व आढ़तियों से बातचीत भी की। हलका विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। कोई भी अधिकारी व कर्मचारी कार्य में लापरवाही ना बरते। किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से लें। बिजली व पानी की सुविधा निरंतर चलती रहे इसमें यदि कोई दिक्कत आती है तो तुरंत समाधान करें। मंडी में स्थित सभी शौचालय की निरंतर सफाई की जाए। बदलते मौसम को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी रखें। इस अवसर पर उन्होंने तरावड़ी अनाज मंडी के गेहूं की ढेरियों की जांच की। इससे पहले वह मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचे। जहां पर उनका मार्केट कमेटी अधिकारियों व आढ़तियों ने स्वागत किया। उसके तत्पश्चात उन्होंने अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि वह उठान को लेकर कोताही ना बरते। नियमानुसार सभी एजेंसियां लोडिंग करवायें और किसानों से भी उन्होंने अपील की कि वह मंडी में अपनी फसल को सुखाकर लेकर आए ताकि उनको उनकी फसल का पूरा दाम मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने मार्केट कमेटी सचिव से किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडी सचिव संजीव सचदेवा, अनाज मंडी एसोसिएशन प्रधान सुभाष गुप्ता, भाजपा नेता राकेश गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, पंजाबी सभा के अध्यक्ष राजीव नारंग, भाजपा नेता अमित जैन, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, गौरव गर्ग, बृजभूषण गुप्ता, यश सलूजा, रमेश कुमार ठेकेदार, रामकुमार शर्मा, सौरभ गर्ग व नरेंद्र शर्मा मौजूद थे।

# महाराणा प्रताप ने सम्पूर्ण हिंदू राष्ट्र की अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए किया संघर्ष : योगेंद्र राणा

- विधायक योगेन्द्र राणा ने घरौंडा हल्के के विभिन्न गांवों में जाकर दिया महाराणा प्रताप जयंती समारोह का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

विधायक योगेंद्र राणा द्वारा 9 मई 2025 को गांव सालवन (करनाल) में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती समारोह के लिए घरौंडा हल्के के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को सादर आमंत्रित किया गया।

इस क्रम में उन्होंने बीजना, स्टौंडी, ददलाना, गढ़ी मुल्तान, घरौंडा, अराईपुरा, कालरों, कैरवाली, अमृतपुर खुर्द, अमृतपुर कलां व ऊंचा समाना गांवों में पहुंचकर वहां के सम्मानित नागरिकों, बुजुर्गों और युवाओं से मुलाकात कर सभी को इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया। इस मौके पर विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन बलिदान, साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक है। हल्दीघाटी का युद्ध उनकी राष्ट्रभक्ति और आत्मगौरव का ऐसा अध्याय है, जो युगों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा। विधायक योगेन्द्र राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में हरियाणा राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्य अतिथि पधारेंगे और महाराणा प्रताप जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इस अवसर पर राजपूत सभा करनाल के अध्यक्ष डॉ. एन. पी. सिंह जी भी अपनी पूरी टीम सहित उपस्थित रहे। सभी गांवों में लोगों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी का आश्वासन दिया।



करनाल। विधायक योगेन्द्र राणा बैठक में चर्चा करते हुए।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर करनाल राजपूत सभा के अध्यक्ष डॉ एन पी सिंह, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंदर राणा, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, जिला पार्षद गुरदीप बीजना, गांव सालवन सरपंच जयबीर फौजी, हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान बीजना, निशांत राणा, परवीन मुनक, अक्षय राणा,मोहर सिंह राणा, परमजीत स्टौंडी, महक सिंह सरपंच अनिरुद्ध सालवन और उपरोक्त सभी गांवों के मौजूदा सरपंच उपस्थित रहे।

## ग्रामीण चौकीदारों ने रखी मांग न्यूनतम वेतन 26 हजार मिले




हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा जिला करनाल के पदाधिकारियों की बैठक कर्ण पार्क में हुई। अध्यक्षता जिला उपप्रधान रामफल ने की व संचालन जिला सचिव मदन कलरा ने किया। बैठक में 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया। 23 से 26 मई तक फरीदाबाद में राष्ट्रीय कांउसिल का आयोजन किया जाएगा। राज्य महासचिव कलीराम व राज्य कोषाध्यक्ष भगत सिंह ने बताया कि सभा का 11वां राज्यस्तरीय सम्मेलन 24 और 25जून को करनाल में आयोजित किया जाएगा। मुख्य मांगों में ग्रामीण चौकीदारों को पक्का कर्मचारी बनाया जाए और तब तक न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए दिया जाए, मानदेय का भुगतान सात तारीख तक किया जाए, भुगतान किया जाए तुरंत साइकिल भत्ता दिया जाए, सेवानिवृत्ति की राशि दो लाख रुपए तुरंत भुगतान किया जाए, ग्रामीण चौकीदार की मृत्यु पर 10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए व नई नीतियों को वापस लिया जाए शामिल हैं। बैठक में पूर्व राज्य प्रधान परवारा राम, ओपी माटा, जाकिर हुसैन, मोहन लाल, धर्मपाल, रामकुमार, राजवीर चंद्रभान, सोहनलाल, जगदीश, राय सिंह, सुनील कुमार, राजकुमार व मनोज मौजूद रहे।

### 35 भैसों की मौत के मामले में फैक्ट्री मालिक पर केस

- आज जांच के लिए पहुंची डॉक्टरों की टीम

**करनाल।** करनाल के नगला चौक के पास केमिकल युक्त पानी पीने से हुई 35 से ज्यादा भैसों की मौत के मामले में आज पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरी ओर पशुपालन विभाग के डॉक्टरों की टीम मृत पशुओं का पोस्टमॉर्टम करा रही है। पशुओं के विसरा को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। आज जांच के लिए पहुंची डॉक्टरों की टीम। जानकारी मिलते ही जब पशुपालक फैक्ट्री पहुंचे तो वहां ताला लगा मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि घटना के समय फैक्ट्री मालिक वहां था, लेकिन भैंसों की हालत बिगड़ते ही वह ताला लगाकर भाग गया। पशुपालक आलमदीन, आशु व अन्य ने बताया था कि इसी जगह चार महीने पहले 26 दिसंबर 2024 को भी केमिकल वाला पानी पीने से 21 भेड़ों की मौत हुई थी। उस समय फैक्ट्री मालिक ने डेढ़ से दो लाख रुपए मुआवजा देकर मामला रफा-दफा कर दिया था। इस बार मामला बड़ा होने पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए फैक्ट्री मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# विद्यार्थियों की तरफ से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखण्ड पाठ कराया

समूह छात्र-छात्राओं के साथ स्टाफ तथा आस-पास से आए विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गुरुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में समूह विद्यार्थियों की तरफ से श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का अखण्ड पाठ का सुन्दर, भव्य तथा धार्मिक आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस के कुशल मार्गदर्शन में अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें समूह छात्र-छात्राओं के साथ स्टाफ तथा आस-पास से आए विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया।

सर्वप्रथम कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान के साथ स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने कॉलेज स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया। इस अवसर पर समस्त कॉलेज प्रांगण को दुलहन की तरह सजाया गया और विद्यार्थियों ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए एक सफल आयोजन किया। इस पावन अवसर पर बाबा भाई गुलाब सिंह जी चमकौर साहिब वाले ने गुरबाणी का कीर्तन, भजन एवं कथा वाचन से साध संगत को भाव -विहोर कर दिया। उन्होंने कीर्तन करते हुए गुरु गोविन्द सिंह महाराज के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व में ऐसी कुर्बानियां कहीं और नहीं है। उनके शब्दों में 'लखा सिर वार देया अपणे प्यारे तो तना जेड़ा लखा विच दिसे दा-यारा ऐसा मैं सजाऊं खालसा' गा कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल 1699 में गुरु गोबिन्द सिंह महाराज ने आनन्दपुर साहिब में खालसा पंथ सजाया और विश्व में हमें अलग पहचान दी। उदासीन अखाड़ा मांडी साहब से आई बीबी हरमीत कौर ने कहा कि अगर आप किसी का अच्छा करते हैं तो वो रब देखता है।





### मंच का संचालन डॉ. जुझार सिंह ने सफलतापूर्वक किया

मंच का संचालन डॉ. जुझार सिंह ने सफलतापूर्वक किया। प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने कॉलेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाली। इस अवसर पर प्रो. प्रीति, प्रो. अन्जु चौधरी, डॉ. जतिन्दर पाल सिंह, डा. बलजीत कौर, प्रो. मनीष, डॉ. बीर सिंह, डॉ.देवी भूषण, डॉ.दीपक, डा. कृष्ण अरोड़ा, विद्यार्थी कर्मजीत सिंह, सिमरन सिंह, निरवैर सिंह, हरनूर सिंह, पवित्र सिंह, नवजोत सिंह, अश्मीत सिंह, मन्नत कौर, सिमरन, तरणप्रीत कौर, शरण कौर, सहज प्रीत सिंह तथा अर्शप्रीत सिंह उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में राजिन्द्र पाल कपूर पुत्र स्व. राम सरन दास कपूर व मोहिंदर पाल कपूर पुत्र ऐशी लाल कपूर निवासीगण नीलोखेडी ने कार्यालय नगरपालिका नीलोखेडी मे प्रार्थना पत्र दिया है कि राम सरन दास कपूर की मृत्यु दिनांक 07.10.2009 को हो चुकि है व सतीश कुमार का देहान्त दिनांक 15.01.2023 हो चुका है सतीश कुमार की पत्नी सरोज बाला का देहान्त दिनांक 07.10.2015 को हो चुकी है और ऐशी लाल कपूर की मृत्यु दिनांक 14.05.2011 व विद्यावंती कपूर पत्नी स्व. ऐशी लाल कपूर की मृत्यु दिनांक 01.05.2010 को हो चुकी है। यह है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोपर्टी/आईडी 7MR9N6E6 जनता मार्किट नीलोखेडी प्रोप्टी/आईडी मे राम सरन दास कपूर व सतीश कपूर के वारिसन 1 सन्त कुमार कपूर पुत्र 2 भूषण लाल कपूर पुत्र 3 राजिन्द्र पाल कपूर पुत्र 4 बलदेव राज कपूर पुत्रान रामसरन कपूर व 1 पूजा पुत्री 2 अरती सेठी पुत्री 3 विनिता पुत्रीयान 4 तुषार कपूर पुत्र सतीश कपूर हैं और ऐशी लाल कपूर पुत्र दिवान चन्द कपूर के वारिस इस प्रकार से हैं 1 मोहिन्दर पाल कपूर पुत्र ऐशी लाल 2 अशोक कुमार कपूर पुत्र ऐशी लाल कपूर उपरोक्त वारिसान अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी ऐतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका नीलोखेडी मे जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी की प्रोपर्टी आईडी सबूतो के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

हस्ता/- सचिव, नगरपालिका नीलोखेड़ी

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए टू ने धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर हड़पने वाले आरोपी पवन उर्फ विजय पुत्र सतबीर निवासी गांव सरसाढ़ जिला सोनीपत हाल मॉडल टाउन के गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में पानीपत के गांव मच्छरौली निवासी सुमित पुत्र बिजेंद्र की शिकायत पर थाना चांदनी बाग में पवन पर केस दर्ज है।

### पेड़ काटने की जांच के आदेश

**समालखा।** पानीपत के गांव मनाना में सरपंच की शह पर हरे भरे पेड़ काटे जाने के मामले की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने केंद्र से लेकर राज्य तक के सात अधिकारियों की जांच कमेटी बनाई है। यह कमेटी, पेड़ काटे जाने के मामले की रिपोर्ट आठ सप्ताह में एनजीटी को सौंपेगी। स्मरणीय है कि हरे भरे पेड़ काटे जाने की शिकायत समालखा के पशु चिकित्सक डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने विन विभाग से की थी और आरोप लगाया था कि पेड़, ग्राम पंचायत सरपंच मानना के द्वारा कटवाए गए थे।

### घर से नगदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत शहर की विद्यानंद कॉलोनी निवासी आसीर के घर से चोरों ने घर से चार मोबाइल फोन, सोने की नाक के गहने, एक चांदी की अंगूठी और 35 हजार की नकदी चोरी कर लिए। वहीं आसीर की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अस्पताल से दो महिला लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना में एक निजी अस्पताल में कार्यरत 19 वर्षीय युवती जो की मूल रूप से बिहार की निवासी है संदिग्ध हालात में लापता हो गई। जबकि गांव जौंधन कलां निवासी विवाहिता भी लापता है। पुलिस ने युवती व विवाहिता की गुमशुदगी के केस दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### पोस्टर बनाने में अमन प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में में कंप्यूटर विभाग में बीएससी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अमन प्रथम, स्वाति मौर्य द्वितीय और अंशिका तृतीय रही। विजेताओं को प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मालिक द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार, अश्विनी गुप्ता, विनय भारती, डॉ. नीतू, दिप्ति जुनेजा, मोहित, प्रीति मलिक, मिलन शर्मा, पूजा रूहल, पूजा शर्मा, टिंकू, गणेश, संगीता आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए सर्वे किया

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा के मार्गदर्शन में वीवर्स कालोनी और ईदगाह कालोनी में राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए सर्वे किया गया। डीईओ राकेश बूरा ने बताया कि शिक्षा रथ का मुख्य उदेश्य जिले को जीरो ड्रापआउट बनाना है। जिससे पानीपत में हर बच्चा सरकारी स्कूल में दाखिला होकर शिक्षा प्राप्त करें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। वहीं, वीवर्स कालोनी स्कूल के मुख्याध्यापक राधे श्याम ने बताया कि हम अपने स्कूल में पिछले साल से अधिक छात्र संख्या बढ़ाएंगे।

### प्रेम स्वतः है स्वाभाविक है : राधे राधे महाराज

**पानीपत।** श्री अवध धाम मंदिर वार्षिक महोत्सव एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अवध धाम सेवा समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सत्संग समारोह के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक भागवत रसिक पंडित राधे राधे महाराज ने व्यास मंत्र से कहा कि प्रेम स्वतः है स्वाभाविक है। कोशिश करके नहीं किया जा सकता कि लो रोज व्यवस्था बनाओ करो। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, रजनी सुरेंद्र गर्ग, डॉ.रमेश चुघ, सुरेश काबरा, पार्षद अशोक नारंग, वेद बांगा, सतीष तागरा, धीरज छावड़ा आदि मौजूद रहे।

### पीएनसी मुख्य फायर स्टेशन में कार्यक्रम आयोजित

# पानीपत रिफाइनरी में अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

हरिभूमिन्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने 14 अप्रैल सन 1944 को विक्टोरिया डॉक में लगी विनाशकारी आग से निपटने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 66 बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया। इसके साथ ही पीआरपीसी में अग्निशमन सेवा सप्ताह का भी शुभारंभ हुआ। वहीं, कार्यक्रम की शुरुआत में एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओओए, आईपीआरईयू, सीआईएसएफ के प्रतिनिधियों तथा अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पीआर



**पानीपत।** रिफाइनरी में अग्निशमन वाहन को रवाना करते हुए अधिकारीगण।

मुख्य फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवाओं के झंडे को आधा झुकाया गया। इसके बाद बहादुर अग्निशामकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके अलावा पीएनसी मुख्य फायर स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप) के नेतृत्व में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया जिसमें उन्होंने संयंत्र कर्मियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए पीएनसी से एक फायर टेंडर को रवाना किया। इधर, श्री डहरिया ने इस बात पर जोर दिया कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नियमों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है ताकि हम इंडियन ऑयल के शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। जबकि श्री कैला ने कहा कि हमें अपने संयंत्र और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न घटनाओं से सीखने, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के द्वारा समकालीक नियम एवं जरूरी जानकारियां तथा आईएफआर सूट के महत्व का वर्णन करने वाले एक विशेष पत्रिका का भी अनावरण किया गया।

# सद्भावना का संदेश देता है साहित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उकलाना के साहित्यकार सत्य भूषण बिंदल के पानीपत आगमन पर अंकन साहित्यिक मंच की ओर से उनके सम्मान में लघु काव्य गोष्ठी का आयोजनज गन्नाथ विहार स्थित डॉ.अंजू गर्ग के निवास पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ.एपी जैन ने करते हुए कहा कि साहित्य इंसान को इंसान से जोड़ता है और सद्भावना का संदेश देता है। की। मुख्य अतिथि सत्य भूषण बिंदल ही रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर आशु नंदा रही। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ.अंजु गर्ग ने किया। गोष्ठी में पानीपत के ही थिएटर व फिल्मों के कलाकार रामनाथ मित्तल भी सक्रिय रहे। गोष्ठी में डॉ.मंजू



**पानीपत।** काव्य गोष्ठी में उपस्थित कवीगण। फोटो :हरिभूमि

मुल्तानी, डॉ.एपी जैन, डॉ.अंजू गर्ग, सत्य भूषण बिंदल, आशु नंदा, रामनाथ मित्तल, धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर, मीना दहूजा, डॉ.शिव मुल्तानी द्वारा जहां अपनी रचनाएं पेश की गई। वहीं इस अवसर पर डॉ.अतुल गर्ग व संजीव दहूजा भी उपस्थित रहे।

### भाकपा संस्थापक को याद किया

**पानीपत।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की जिला कौंसिल की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह के साथी एवं स्वतंत्रता सेनानी पूरण चंद जोशी की जयंती पर उन्हें याद किया और उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर सतीश यादव, भूपेन्द्र कश्यप, पार्टी के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, अरविंद कुमार तिवारी, रविन्द्र कुमार नहीम, भूप सिंह, संदीप शर्मा, अनिकेत भाटी, नत्थू प्रसाद यादव कैलाश यादव आदि उपस्थित रहे।

### गेहूं की सरकारी खरीद जारी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि पानीपत जिले की मंडियो में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में 14 अप्रैल तक 1392292 क्विंटल की कुल आवक हुई है व 1209986 की खरीद हुई है और 329773.5 क्विंटल की अब तक लिफ्टिंग हुई है।

### सेंट मैरी स्कूल में मॉक ड्रिल

**पानीपत।** सेंट मैरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को अग्नि सुरक्षा उपायों पर मॉक ड्रिल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवमी से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन स्कूल प्रबन्धक फादर कार्तिक एबल और स्कूल प्रधानाचार्या सिस्टर दीपा सिबेस्टियन के नेतृत्व में किया गया।

### समस्याओं के समाधान की समीक्षा की

**पानीपत।** पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को उन विभागों के अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। लोगों की समस्याओं का निपटान करने को लेकर लगाए जा रहे जनता समाधान शिविर में जिन विभागों की समस्याओं का निष्तारण नहीं हो पाया, व कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी डॉ. दहिया ने जिन विभागों की समस्याएं निष्तारण नहीं हो पाया। एक-एक करके सभी विभागों के अध्यक्षों से कारण पूछा व निर्देश दिए कि जितना जल्दी हो सके समस्याओं का समाधान करें। इस मौके पर निगम संयुक्त-आयुक्त डॉ. संजय, नगराधीश टीनू पोशवाल, डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया, प्रदूषण बोर्ड के आरओ भूपेन्द्र सिंह, व अन्य कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कला खुद को व औरों को समझने का श्रेष्ठ साधन है: विपुल

- एसडी कॉलेज में विश्व कला दिवस पर कला प्रदर्शनी व कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में 'कला और जीवन' विषय पर दो दिवसीय कला प्रदर्शनी और कार्यशाला का शानदार आगाज हुआ जिसमें बतौर मुख्य वक्ता विपुल अरोड़ा, ग्राफिक डिजाईन एजुकेटर मुंबई ने व्यावसायिक कला में भविष्य विषय पर व्याख्यान दिया और उपस्थित विद्यार्थियों को इस विषय को चुनने के फायदे और स्वर्णिम भविष्य के बारे में विस्तार से समझाया। उनके साथ केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश से



एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा, अतिथियों का स्वागत करते हुए।

पधारीजल-रंग परिदृश्य पेंटिंग में रिसर्च स्कॉलर दीपिका गौतम ने भी विद्यार्थियों को जल-रंग पेंटिंग के भेद बताये और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रदर्शनी का उदघाटन कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल और जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल ने किया। जबकि मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, डॉ. मोनिका खुराना और प्रो निधि ने पेंटिंग्स भेंट करके किया। वहीं, विपुल अरोड़ा ने यूट्यूबवेब सीरीज 'बर्निंग पंजाब', रत्नावली, साउथ एशियन यूनिवर्सिटी फेस्ट 2020 और अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसी सरकारी और संस्थागत डॉक्यूमेंट्री सहित कई प्रशंसित परियोजनाओं में निर्देशन और काम किया है। वहीं, डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को रचनात्मक और कलात्मक बनने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें ग्राफिक डिजाइन सॉफ्टवेयर और तकनीकों में कुशल बनाना भी प्रशिक्षक का दायित्व है । विपुल अरोड़ा और दीपिका गौतम ने कॉलेज प्रांगणमें पधार कर अपने अनुभव और दक्षता को विद्यार्थियों के साथ जिस प्रकार से साझा किया है कॉलेज उनके प्रति सदैव अनुग्रहित रहेगा। कोई न कोई कला हर व्यक्ति में विद्यमान होती है बस उसे तराशने के प्रयास या फिर किसी गुरु की जरुरत होती है। कला खुद को व औरों को समझने का श्रेष्ठ साधन है।

# बैसाखी मेले में बच्चों ने धमाल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

किंडर बैल्स प्री. स्कूल में बैसाखी पर्व पर रंगारंग मेले का आयोजन हुआ। मेले में बच्चों ने जमकर धमाल किया। वहीं मेले में बच्चों के साथ उनकी माताओं ने भी भाग लिया। इधर, मेले में बच्चों ने भंगड़ा और गिद्धा की शानदार प्रस्तुति दे समां बांध दिया।

मेले में बच्चों की माताओं के लिए भी विशेष रूप से डांस प्रतियोगिता और रैम्प वॉक का आयोजन किया गया, जबकि प्रतियोगिता का मूल्यांकन इन्नर व्हील क्लब की अध्यक्ष प्रेसिडेंट डॉ. अनु कालरा और सचिव डॉ. स्वाति



**पानीपत।** किंडर बैल्स प्री स्कूल में विजेता अभिभावक प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

गोयल ने किया। तीन सर्वश्रेष्ठ डांसर के रूप में नवदीप कौर, पुजा गोयल और प्रीति ढींगरा को चुना गया। वहीं विजेताओं को विद्यालय की प्रधानाचार्या रितिका गर्ग ने पुरस्कृत किया।

# बैसाखी पर श्रद्धालुओं ने बाबाजी से आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डेरा बाबा जोध सचियार में चल रहे तीन दिवसीय पर्व पर श्रद्धालुओं की सुख, शांति, समृद्धि, सद्भावना की अरदास के साथ बैसाखी पर्व का समापन हुआ। कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान सेवादार व हांसी के विधायक विनोद भयाना ने बताया कि तीन दिवसीय बैसाखी पर लाखों श्रद्धालुओं ने बाबाजी से आशीर्वाद लिया। इस पावन पवित्र दर पर पीडब्ल्यूडी एंड बीआर मंत्री रणबीर गंगवा, डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा, पानीपत की मेयर कोमल सैनी व शहरी विधयाक



डेरा बाबा जोध सचियार में प्रवचन करते हुए संतगण।

प्रमोद विज बाबाजी से आशीर्वाद लेने पहुंचे। वहीं, बाबाजी की समाधि पर लाखों श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर मनोकामनाएं मांगी। वहीं पर्व के दौरान 183 अखंड पाठ रखवाए गए। इस अवसर पर डेरे के सेवादार सुरजीत सिंह, हरभजन भयाना, जसवंत सिंह, सुरेश बजाज, शिल्पा, रामनाथ भयाना, अजित सिंह भयाना, वेद बठला, राकेश भयाना, अरुण भयाना, नरेंद्र भयाना, नरेंद्र भयाना, कमल भयाना, जसपाल भयाना संदीप भयाना, अरविंद भयाना, यशपाल ग्रोवर, गुलशन आदि उपस्थित रहे।

# इनेलो के राष्ट्रीय सचिव बने धर्मवीर पाढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंडियन नेशनल लोकदल यानि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला और इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने चौधरी धर्मवीर पाढा को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। वहीं धर्मवीर अपने विद्यार्थी जीवन से ही पार्टी से जुडे है और पार्टी के विभिन्न पदों को सुशोभित करते हुए राजनीतिक व सामाजिक और आर्य समाज में सेवारत रहे। वहीं, धर्मवीर के पिता चौ मामचंद आर्य जहां स्वतंत्रता सेनानी रहे, वहीं ताउम्र आर्य समाज से जुड कर समाज को कुरीतियों से मुक्त करने के लिए शिक्षा की ज्योति को तेज किया। इधर, धर्मवीर ने कहा कि वे, चौधरी देवीलाल व पूर्व मुख्यमंत्री चौ ओमप्रकाश चौटाला के सपनों को साकार करने के लिए प्रयास जारी रखेंगे।



# पाइट की एमसीए डिग्री को भी एनबीए से मान्यता

## छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती है

- एनबीए टीम ने हाल ही में संस्थान का समग्र निरीक्षण किया, जिसके आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी यानि पाइट की मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एमसीए) डिग्री भी अब नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन (एनबीए) से मान्यता प्राप्त हो गई है। इससे पहले पाइट के बीटेक (सीएसई, ईसीई, आइटी) और एमबीए प्रोग्राम्स को




भी एनबीए की मान्यता मिल चुकी है। एनबीए टीम ने हाल ही में संस्थान का समग्र निरीक्षण किया, जिसके आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि से पाइट के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और करियर के बेहतर अवसर मिलेंगे। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने बताया कि एनबीए एक स्वायत्त संस्था है, जिसकी स्थापना 1994 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा की गई थी। एनबीए का मुख्य उद्देश्य तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और उन्हें मान्यता प्रदान करना है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि एनबीए मान्यता प्राप्त प्रोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं, जो छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती है। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा एवं सभी विभागों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### वामपंथी नेत्री इंदू का निधन

**इसराना।** पानीपत के गांव बांध निवासी सीपीआई से जुडी व जनवादी महिला समिति की पूर्व जिला प्रधान इंदू बाला उर्फ इंद्रवती का सोमवार की रात को निधन हो गया। वे 63 वर्ष की थी। इंद्र बाला ने जनवादी आंदोलनों में भाग लिया और कमेरे वर्ग की आवाज को बुलंद किया। उन्होंने हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वावधान में परोड शिक्षा के लिए काम किया और नारी शिक्षा को बढावा देने में हमेशा अग्रणी रही। इंद्र ने हमेश महिला पर्दा प्रथा का विरोध किया और महिलाओं को शिक्षित होकर स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित किया।

## भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाई

# युग पुरूष थे बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर: डहरिया

*बाबा साहेब, हमारे महान संविधान के प्रमुख शिल्पकार, एक महान चिंतक, अर्थशास्त्री, उदधारक एवं एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे*

### विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने इंडियन ऑयल पानीपत एससी/एसटी इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिऐशन (आईपीसेवा) के सहयोग से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव



पानीपत रिफाइनरी में अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी।

अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाई। वहीं बाबा साहेब की याद में सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब, हमारे महान संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे

वहीं, मंत्री पंवार ने पानीपत रिफाइनरी द्वारा आस-पास के गांवों के सतत विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। जबकि अपने संबोधन में एमएल डहरिया ने कहा कि बाबा साहेब भारत के युग पुरुष हैं और हर भारतीय के दिल में उनके प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान है। बाबा साहेब, हमारे महान संविधान के प्रमुख शिल्पकार, एक उत्कृष्ट विद्वान, एक महान चिंतक, दार्शनिक, दूरदृष्टा, अर्थशास्त्री, उदधारक एवं एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने समाज के शोषित एवं दलित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए, कई सामाजिक आंदोलनों का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम में एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में पीआरपीसी के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओसीयनस एवं उनके परिजन, साथ ही आसपास के गांवों के सरपंच भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज सामान चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया है। बिहटा के शक्ति सिंह ने 13 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अमरीक सिंह ने गाँव बीहटा में स्थित उसकी दुकान के गल्ले से नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय के आदेशानुसार शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 21 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 जनवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 के दौरान आरोपी महिला व अन्य ने उसके मकान पर नाजायज कब्जा करने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बराड़ा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बराड़ा।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बालवाटिका 3 से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए 23 मई 2025 तक कक्षा तत्परता कार्यक्रम (सीआरपी) का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु ब्लॉक के सभी प्राइमरी विद्यालय के मुखियाओं और मेंटर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण 16 से 21 अप्रैल 2025 के बीच खंड स्तर पर किया जाना है।

### जिले में 78824.3 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 78824.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीद लिया है। इन मंडियों में अब तक 14076 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इन मंडियों में एजेंसियों ने गत दिवस तक 22.9 प्रतिशत के साथ 18014 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त ने एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

### जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बराड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग साहा द्वारा 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत एक ब्लॉक स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय समुदाय के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ ईशा रानी ने बाल विवाह की सामाजिक बुराइयों, बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके दुष्प्रभाव तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समुदाय से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और बाल विवाह की किसी भी घटना को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, के महिला प्रकोष्ठ द्वारा गांव बड़ागढ़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने की थीम पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में बाल विवाह की कुप्रथा के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराना था। नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अभिनय के माध्यम से बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभावों को दर्शाया।

---

कई संचालक उड़ा रहे आदेशों की धज्जियां, एक संचालक ने तो स्कूल का ही नाम बदला

# गैर मान्यता से चल रहे 33 स्कूलों पर शिकंजा नए शिक्षा सत्र में दाखिले करने पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिले में बिना मान्यता चल रहे स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग शिकंजा कसने जा रहा है। मंगलवार को शिक्षा विभाग ने कई स्कूलों में जाकर स्कूल संचालकों को नए दाखिले न करने के आदेश दिए। विभागीय अधिकारियों ने संचालकों को तुरंत स्कूलों में तमाम तरह की गतिविधियां बंद करने के आदेश दिए हैं। हैरत की बात है कि इस कार्रवाई को कई स्कूल संचालक मानने को तैयार नहीं हैं। एक संचालक ने तो स्कूल का नाम बदलकर ही दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी। अब उसके खिलाफ आदेश की अवहेलना करने की कार्रवाई की बात कही जा रही है। दरअसल अंबाला कैंट में 18 बिना मान्यता वाले स्कूलों की सूची तैयार की गई है। इनको कई बार शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है, लेकिन स्कूल संचालक आदेशों को दरकिनार कर स्कूल संचालित कर रहे हैं। साथ ही स्कूल में नए दाखिले भी कर रहे हैं।

- अंबाला कैंट में 18 बिना मान्यता वाले स्कूलों की सूची तैयार की गई




- बीईओ ने मौके पर पहुंच रुकवाए दाखिले
- छात्रों से दूसरे स्कूल में दाखिला लेने के दिए निर्देश
- मौलिक शिक्षा अधिकारी बोले आदेश न मानने वाले संचालकों के खिलाफ होगी ठोस कार्रवाई

### शिकायत के आधार पर स्कूल संचालकों को चेतावनी भी दी

अंबाला छावनी के मच्छी मोहल्ला स्थित लिटिल एंजल स्कूल के पास मान्यता नहीं है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने इस स्कूल के संचालक को नोटिस जारी कर स्कूल बंद करने के निर्देश दिए लेकिन स्कूल संचालक ने अपने स्कूल का नाम ही बदल लिया। इसके बाद मंगलवार को शिक्षा अधिकारी स्कूल में पहुंचे और शिकायत के आधार पर स्कूल संचालकों को चेतावनी भी दी। इस पर स्कूल संचालक ने बच्चों को अन्य स्कूलों में शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। लिटिल एंजेल स्कूल में पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों से मुलाकात कर बातचीत की।

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची जारी

शिक्षा विभाग की ओर से बिना अनुमति के चल रहे 33 निजी स्कूलों की सूची जारी की गई है। जिला मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से यह सूची जारी की गई है। इन स्कूलों के नाम की सूची विभाग ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए दी थी। साथ ही यह भी निर्देश दिए थे कि इन स्कूलों में दाखिला न हो मगर इन निजी स्कूलों में दाखिले हो चुके हैं। नए सत्र भी शुरू हो चुका है। अभी तक विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। न ही स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। गैर मान्यता प्राप्ता स्कूलों की सबसे ज्यादा संख्या अंबाला खंड वन व टू में हैं। दोनों खंडों में 11-11 गैर मान्यता प्राप्त स्कूल हैं। इसी तरह साहा में पांच, बराड़ा में पांच और नारायणगढ़ का एक स्कूल भी इनमें शामिल है।

### निरीक्षण किया जा रहा संचालकों के खिलाफ हो रही कार्रवाईः कालड़ा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले में 33 गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची जारी की गई है। इन स्कूलों में खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से निरीक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी दिए जा चुके हैं। अगर आदेश के बावजूद किसी स्कूल संचालक ने नए शिक्षा सत्र के लिए छात्रों के दाखिले किए हैं तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुछ गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालक आदेशों को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### चार स्कूलों को जारी की गई थी सूची

जिला मौलिक शिक्षा विभाग ने चार अप्रैल को सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय हरियाणा और उच्च न्यायालय की ओर से विभिन्न रिट याचिकाओं से जारी निर्देशों की अनुपालना में कार्यालय को प्राप्त 33 गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची भेजी गई है। यह संस्थान हरियाणा स्कूल शिक्षा नियम 2003 का उल्लंघन करते हुए संचालन जारी न रखें। साथ ही अभिभावकों को इन अनाधिकृत स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला न देने के लिए सूचित किया जाए। साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में विद्यार्थियों को दाखिला रोकने के लिए कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए थे। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी सभी बीईओ से तीन दिन में मांगी गई थी लेकिन अभी भी कई ऐसे स्कूल हैं जहां अधिकारियों ने निरीक्षण नहीं किया है। ऐसे में यह स्कूल लगातार दाखिला कर रहे हैं। उन्होंने अपने अभिभावकों को बताने के लिए कहा कि जिस स्कूल में वह पढ़ रहे हैं, वह गैर मान्यता प्राप्त है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी बच्चे अपने अभिभावकों को इस बारे में जानकारी दे दें।

---

### कांग्रेस भवन की दुकान पर कब्जे के प्रयास चस्पाया नोटिस

**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित कांग्रेस भवन में बनी एक दुकान पर कब्जे के प्रयास हो रहे हैं। हालांकि अब कांग्रेस पदाधिकारियों की ओर से दुकान के बाहर नोटिस चस्पा दिया गया है। कांग्रेस के कुछ पदाधिकारियों ने पहले यह दुकान चिकित्सक दंपती को किराये पर दी थी। उनके देहांत के बाद अब दुकान पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस नेता परविंदर सिंह परी और अशोक जैन सहित अन्य ने मंत्रणा के बाद दुकान पर नोटिस चस्पा दिया जिससे कि कोई बाहरी व्यक्ति दुकान से संबंधित किसी प्रकार का कार्य न कर सके। दुकान से जुड़े पुराने किरायेदार के परिजनों को चाबियां जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। असल में निकल्सन रोड पर स्थित कांग्रेस भवन की एक दुकान चिकित्सक दंपत्ति को किराये पर दी गई थी। दंपति के निधन के बाद अब कुछ लोगों की दुकान पर नजर थी। इस बात की भनक कांग्रेसियों को लग गई।बीच बाजार के इस दुकान पर कब्जे की संभावनाओं को खत्म करने के लिए अब अब कांग्रेस की ओर से ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी वजह से दुकान पर नोटिस चस्पा कर दंपत्ति के परिजनों को तुरंत चाबियां देने के निर्देश दिए गए हैं।

---

## जिले की सड़कें तय समय पर होंगी गड्ढा मुक्त

- उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि आमजन की सुविधा एवं यातायात की सुगमता के लिए सडक़ों का समुचित रखरखाव बेहद जरूरी है। गड्ढा मुक्त सडक़ें न केवल सुगम आवागमन को सुनिश्चित करती हैं बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी कम करती हैं। उपायुक्त मंगलवार को उनके कार्यालय के सभागार मे अयोजित सडक़ सुधार एवं सभी सडक़ों को गड्ढा मुक्त बनाने को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सडक़ों की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों को जिले की सभी सडक़ों को गड्ढा मुक्त को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख तथा आंतरिक सभी सडक़ों का भौतिक निरीक्षण कर गड्ढों की पहचान कर उनकी मुरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सडक़ें किसी भी जिले की आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। इनकी गुणवत्ता सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन स्तर को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उदेश्य प्रदेश की सभी सडक़ों को गड्ढा मुक्त सडक़े बनाना है। लोगों को सडक़ सुरक्षा एवं बेहतर यातायात सेवाएं मुहैया करवाना है। सभी अधिकारी कर्मठता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।



**अंबाला।** अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो: हरिभूमि

---

एक दिवसीय आरोग्यम हेल्थ कैंप का आयोजन

## गैर शिक्षण स्टाफ को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार को इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल द्वारा एक दिवसीय आरोग्यम हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान के कर्मचारियों का स्वास्थ्य सबसे पहले है। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना है। जयंत चंदक, डिप्टी जनरल मैनेजर ने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम, की महत्ता एवं निवारक स्वास्थ्य उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय चौहान रहे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. पूनम राजोरा ने किया। आयोजन में प्रो. अशोक काजल, प्रो. सुजाता, प्रो. मनीषा सैनी, प्रो. श्वेता गर्ग, डॉ. शक्ति बाजपेई और प्रो. शालीन भोला का विशेष योगदान रहा।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा। फोटो: हरिभूमि

---

छात्रों ने विवि कंट्रोलर को सौंपा ज्ञापन

## परीक्षा विभाग में खामियों पर छात्रों को मर्सी चांस दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विवि ईकाई द्वारा मंगलवार को विवि में हो रही विभिन्न प्रकार की समस्या की जानकारी दी। एबीवीपी विवि ईकाई अध्यक्ष राहुल ने बताया कि 10 हजार से अधिक छात्रों रिजल्ट रोका है। जोकि विवि के डिपार्टमेंट ने इंटरनल मार्क्स समय नही भेजे थे। उपाध्यक्ष हिमेश यादव ने बताया कि विवि द्वारा 30 महीने से एनईपी कोर्स की 20 महीने से विधि विभाग के छात्रों को डीएमसी नहीं मिल रही। नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल ने बताया कि विवि द्वारा 17 मार्च को विवि इकाई और 18 मार्च को कॉलेज की इकाई द्वारा कंट्रोलर सेमांग की थी कि स्पेशल चांस और मर्सी चांस दिया जाए। जिसके बाद 8 अप्रैल को विवि के वाइस चांसलर ने मांग को मांग लिया लेकिन अभी तक इसका नोटिफिकेशन जारी नही हुआ है। नगर मंत्री प्रतीक शर्मा ने बताया कि सभी यूजी, पीजी के नॉन एनईपी कोर्स के रिवॉल्यूशन जारी करें। विवि की गलती के कारण 500 छात्रों का रिजल्ट साइट पर भी नही दिख रहा है। विवि ने इन मांगों को लेकर संज्ञान नही लिया तो आने वाले दिनों वीसी रजिस्ट्रार के कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

---

## बाबा लाल जी मैं खाली नहीं जाना भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सतगुरु बाबा लाल दयाल महाराज की श्रीध्यानपुर गद्दी के महंत श्रीश्री 1008 महंत श्री रामसुंदर दास महाराज 20 व 21 अप्रैल को श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में आयोजित समागम में भाग लेंगे। समागम को लेकर श्री लालद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नगर में प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को शहर की रामपुरा कॉलोनी में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

मंगलवार सुबह प्रभात फेरी रामपुरा कॉलोनी से आरम्भ हुई। पंडित रजनीश शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर इसे आरंभ करवाया। प्रभात फेरी में आगे बाबा लालजी का ध्वज लेकर श्रद्धालु चल रहे थे। उनके पीछे महिला संकीर्तन मंडली की सदस्य भजन गाते हुए चल रही थी। साथ ही पालकी में बाबा लालजी का मनमोहक स्वरूप प्रभात फेरी की शोभा को चार चांद लगा रहा था।

प्रभात फेरी जिस भी इलाके में गई श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा लाल जी के स्वरूप को माता टेकर आशीर्वाद लिया। प्रभातफेरी में महिला संकीर्तन मंडली से जैसे ही बाबा लाल जी मैं खाली नहीं जाना... भजन गाया तो श्रद्धालु झूम उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया।



यमुनानगर। श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी द्वारा रामपुरा कॉलोनी में निकाली गई प्रभातफेरी में भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

---

## विभाग ने स्कूलों में किताबें भिजवानी प्रारंभ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिलाभर के सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है। स्कूलों में आने वाले विद्यार्थियों को इस सत्र में पढ़ाई के दौरान कोई परेशानी नहीं आए इसको लेकर शिक्षा विभाग द्वारा किताबें भिजवाई जा रही हैं। यह किताबें पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलेंगी। अभी पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किताबें आना बाकी है। इस समय सरकारी स्कूलों में दाखिले जारी हैं। राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पुस्तकों के लिए हर साल की तरह इस बार परेशान नही होना पड़ेगा। विद्यार्थियों को इस बार नए सत्र में स्कूलों में छात्र संख्या के अनुसार समय से पुस्तकें मुहैया करा दी जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने पहले से ही योजना बना ली है। विभाग ने अधिकारियों की छात्र संख्या अनुसार किताबों की डिमांड मांगी थी, जो अधिकारियों की ओर से भेज दी गई है। समय से पुस्तकें मिलने से अध्यापकों को भी पढ़ाने में सहूलियत होगी। ऐसे में शिक्षा विभाग ने इस बार सत्र की शुरू होने से पहले पुस्तकें पहुंचाने की योजना बनाई है। विभाग की ओर से विद्यालयों से डिमांड ली थी।

---

अग्रोहा से आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा

## आद्य महालक्ष्मी रथयात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

अग्रोहा से अखंड ज्योत लेकर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा निकाली जा रही है। तरावड़ी राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा से अखंड ज्योत लेकर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा के दक्षिण भारत भ्रमण के अंतर्गत नगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में चारमीनार स्थित भाग्य महालक्ष्मी मंदिर से शुरू हुई। भव्य आद्य महालक्ष्मी रथयात्रा के दौरान पहले रथ पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल व दक्षिण भारत के यात्रा संयोजक विशाखापट्टनम से चांद मल अग्रवाल दूसरे रथ पर तेलंगाना राज्य के अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल तीसरे रथ पर सवार हुए। हैदराबाद में महालक्ष्मी रथयात्रा में नरेश बंसल तरावड़ी, सतीश गोयल निसिंग, हैदराबाद से महावीर प्रसाद अग्रवाल चेयरमैन व प्रधान संयोजक मौजूद थे। रथयात्रा के दौरान रास्ते में पुष्प वर्षा होती रही। हैदराबाद की अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की टीम का जगह जगह सम्मान किया गया।




तरावड़ी से हैदराबाद में महालक्ष्मी रथयात्रा में हिस्सा लेते नरेश बंसल(

---

## बाबा साहेब जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

इस साल भी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती गांव पंजलासा में डॉ. भीमराव अंबेडकर चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से बड़ी धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ,गुरु रविदास ,भगवान वाल्मीकि ,ज्योतिबा फुले , सावित्री बाई फुले व उद्धम सिंह की शोभा यात्रा पूरे गांव में निकाली गई। इसमें गांव की सभी बिरादरियों ने पूरा सहयोग दिया। शोभा यात्रा का स्वागत चाय समोसा व खीर के साथ किया गया। सुबह 10 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यतिथि गांव की 2 बार की विजेता सरपंच नीतू देवी व उनके पति संजीव पंजलासा को आमंत्रित किया गया । सरपंच नीतूदेवी और संजीव ने बच्चों की प्रस्तुतियों को बहुत सराहा। इस अवसर पर कमेटी और नीतू के द्वारा ज्ञान दिखाओ प्रतियोगिता सीजन-3 में प्रथम द्वितीय व तृतीय बच्चों को पुरस्कृत किया गया व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।



**नारायणगढ़।** मुख्यातिथि को बाबा साहेब का चित्र भेंट करते हुए।

---

**8वें वेतन आयोग का लाभ पेंशनर्स को भी मिलेः जींद।** अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक जिला प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जिला सचिव राजकुमार शयोकंद ने किया। बैठक में राज्य उपप्रधान छाजू नैन ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा 25 मार्च को संसद में वित्त विधेयक पारित करके 31 दिसंबर 2025 से पूर्व रिटायर को लाभ न देने का प्रावधान किया है।

---

## मोदी-सैनी की जोड़ी ने सपने को किया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सैनी की जोड़ी विकसित भारत के सपने को साकार करने में लगी है। उन्होंने कहा कि इस जोड़ी ने प्रदेश के विकास को नए पंख लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धरा पर प्रधानमंत्री मोदी का आगमन कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। हिसार में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के पहले हवाई अड्डे से श्री अयोध्या धाम के लिए उड़ान का शुभारंभ तथा नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास किया तो वहीं मां यमुना के गोद में बसे यमुनानगर में भी दीनबंधु छोटू राम थर्मल पॉवर प्लांट की 800 मेगावाट की आधुनिक थर्मल पावर इकाई तथा प्रदेश के पहले सीबीजी प्लांट का भी शिलान्यास करके प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प रखा।



**अंबाला।** पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते आशीष तायल।

### आभार जताया

इंफ्रास्ट्रक्चर को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए भारतमाला परियोजना के तहत रेवाड़ी बाईपास परियोजना को भी प्रदेश को समर्पित किया गया। तायल ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से प्रदेश के 2.80 करोड़ लोग प्रधानमंत्री के आभारी रहेंगे। भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में यह सभी परियोजनाएँ 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के संकल्प को अधिक तीव्र गति से आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने 100 दिनों के में संकल्प पत्र के 19 वादे पूरे कर दिए हैं।

---



**जींद।** व्याख्यान देते डा. गीता। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण पर व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा जल संरक्षण पर विस्तारित व्याख्यान का आयोजन किया गया था। इस व्याख्यान को डा. पूजा भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. उपासना गर्ग कार्यवाहक प्राचार्या हिंदू कन्या महाविद्यालय ने किया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व और इसके प्रासंगिकता पर जोर दिया और छात्राओं को जल संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। डा. गीता गुप्ता ने जल संरक्षण के महत्व और पर्यावरण पर इसके प्रभाव को रेखांकित किया। डा. नीलम रानीए कार्यक्रम की सदस्या ने कहा कि व्याख्यान ने छात्राओं को जल संरक्षण और इसके दैनिक जीवन में महत्व के बारे में जानने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005